First Year Examination of the
Three -Year Degree Course, 2001

(Faculty of Arts)
GENERAL HINDHI
(For Social Sciences and Humanities)

Time : 3 Hours
[Maximum Marks :50]

1. निम्न अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:
(क) अक्सर यह भी देखा गया है कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए अधार्मिकता और अपराधी मनोवृत्ति से हिंसा भड़काई गई।भारत की आम जनता तो शांति चााहने वाली है, चह उसका सवभाव नहीं है। हमारे देश के सभी तबकों में परस्पर बंधुता तथा ण्कता की भावना सर्वत्र पायी जाती है। लेकिन दुर्भाग्य से समाज में कुछ उेसे चन्द शरारती तत्त्व होते है, जो अपने स्वार्थ के लिए वातावरण को जहरीला बना देते है। **2+5**

अथवा

मगर मै सोचता हूँ- आदमी क्या चूहे से भी बदत्तर हो गया है? चूहा तो अपनी रोटी के हक के लिए मेरे सिर पर चढ़ जाता है, मेरी नींद हराम कर देता है। इस देश का आदमी कब चूहे की तरह आचरण करेगा?

(ख) मेरे मन में उस समय तरह-तरह के सिद्धान्त आए। मैनें स्थिर किया कि अपराध के प्रति करूणा होनी चाहिए। शेष का अधिकार नहीं है। प्रेम से ही अपराध वृत्ति को जीता जा सकता है। आतंक से उसे दबाना ठीक नहीं। बालक का स्वभाव कोमल होता है और सदा ही उससे स्नेह से व्यवहार करना चाहिए। **2.5**

अथवा

यही थी क्या उनकी पत्नी, जिसके हाथों के कोमल स्पर्श, जिसकी मुस्कान की याद में उन्होंने संपूर्ण जीवन काट दिया था? उन्हें लगा कि वह लावण्यमयी युवती जीवन की राह में कहीं खो गयी और उसकी जगह आज जो स्त्री है, वह उसके मन और प्राणों के लिए नितांत अपरिचिता है। गाढ़ी नींद में डूबी उनकी पत्नी का भारी सा शरीर बहुत बेडौल और कुरूप लग रहा था, चेहरा श्रीहीन और रूखा था।

2. ''भीष्म ने दूसरे पक्ष की उपेक्षा की थी। वह 'सत्यस्य वचनम' को हितं से अधिक महत्त्व दे गये।'-कथन के आलोक में 'भीष्म को क्षमा नहीं किया गया' निबन्ध का भाव स्पष्ट करें। **8**

अथवा

रेखाचित्र की विशेषताओं के संदर्भ में 'रजिया' का विश्लेषण करें।

3. 'लकड़हारा' शीर्षक कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालें। **7**

अथवा

''एक बालक के आत्मसम्मान, संघर्ष और जिजीविषा की कहानी है-'छोटा जाछूगर' ''। पठित के आधार पर कथन की सार्थकता प्रमाणित करें।

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

4. (क) भाषा एवं बोली में अंतर बताइये। **2**

अथवा

मानक भाषा किसे कहते है?

(ख) निम्नलिखित में से प्रत्येक उपसर्ग से **दो-दो** शब्दो की रचना करें: **3**

(i) उत्

(ii) अभि

(iii) निः

(iv) अधि

(v) सम्

(vi) अव

(ग) किन्हीं **पांच** वाक्यों को शुद्ध करें: **5**

(i) किसी लब्धप्रतिष्ठित व्यक्ति को आमन्त्रित करो।

(ii) पकड़ी जाने पर वह स्त्री रोने लगी।

(iii) मै आड़े हाथों उसकी खबर लूँगा।

(iv) मुझे उसकी आँख का आँसू देखा नहीं जाता।

(v) आप मेरे ऊपर मेहरबानी रखें।

(vi) उसकी अंगुलियाँ तुमसे लम्बी है।

(vii) अतिथिगणों को यथास्थान बैठाओ।

(घ) कहावतों एवं मुहावरों का अंतर स्पष्ट करते हुए प्रत्येक के दो-दो उदाहरण प्रस्तुत करें। **2**

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण करते हुए उसे एक उचित शीर्षक दीजिए: **3**

''सभ्यता-संस्कृति की प्रयोगशाला है। हम अपने मन के भीतर से भीतर वाली तह में जो सोचते है, जिस तरह से सोचते है, जिस तरह से सोचते है, वह है संस्कृति और उसे जहाँ और जिस तरह अमल में लाते है, वह है सभ्यता। सभ्यता का मोटा मोटा अर्थ है सभ्य लोगों के रहने-सहने, मिलने-जुलने, बात-व्यवहार करने का ढ़ंग। सभ्य शब्द का भाव है कि जो चार आदमियों में, समाज में, सभा में भला है। संक्षेप में, व्यक्ति और समाज को जोड़ने वाली पद्धति, कला और तरीके का नाम सभ्यता है और क्योकि मनुष्य पहले पहल घर से बाहर निकल कर अपने पास-पडौस में मिलता-जुलता है, इसलिए मैं कह रहा हूँ कि सभ्यता की पाठशाला है पड़ोस और सभ्यता की पहली सीढ़ी है पड़ोस।''

अथवा

''लोकगीतों की मूल बोली अथवा भाषा का पता लगाना कठिन ही नहीं, असंभव-सा है, क्योंकि लोक गीत उत्पन्न हो कर भाषा के प्रवाह में तैरते चलते है। मनुष्य के कण्ठ ही उनके घाट है। उपयुक्त कण्ठ पाकर कोई कहीं बसेरा ले लेता है। लोकगीतों पर उनके आसपास का ऐसा प्रभाव पड़ जाता है कि उनका मूल रूप कायम नहीं रहता। इससे जहाँ वे गाये जाने लगते है, वहाँ के बहुत-से शब्द, जो पर्यायवाची होते है, उनमें बैठ जाते है और उनके मूल शब्दों को स्थानच्युत कर देते है। इसमें कौन सा गीत पहले-पहले कहाँ बना इसका पता नहीं लगाया जा सकता। केवल इस बात का पता लग सकता है कि कौन सा गीत कहाँ गाया जाता है।

(च) निम्नलिखित में से **किन्हीं छः** शब्दों का हिन्दी अनुवाद लिखें: **3**

(i) Acting (ii) Adhoc (iii) Competence
(iv) Council (v) Demote (vi) Earmark
(vii) Enrolment (viii) Memorandum
(ix) Pending (x) Permit

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

(छ) विज्ञापन औश्र विज्ञप्ति में क्या अंतर है? **2**

अथवा

महाविद्यालय के पुरस्कार वितरण समारोह के लिए निमंत्रण पत्र तैयार करें।

(ज) अपने छोटे भाई को पत्र लिचाते हुए उसे परीक्षा में पास होने की बधाई दीजिए। **3**

अथवा

विदेश में रहने वाले मित्र को पत्र लिखते हुए गुजरात की भूकम्प त्रासदी का वर्णन कीजिए।

5. निम्न में से **किसी एक** विषय पर निबंध लिखिए: **7**

(i) उच्च शिक्षा में सुधार

(ii) सौन्दर्य प्रतियोगिताओं में भारत का वर्चस्व

(iii) नयी सदी में सूचना तकनीक

(iv) विद्यार्थी और राजनीति

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com